# समाहरणालय, बेगूसराय

## जिला बाल संरक्षण इकाई

## (समाज कल्याण विभाग)

Email:-dcpubeg@gmail.com, Add-Ashoknagar Pokharia, Begusarai

**विज्ञापन सं0–05/2025**

विभागीय निदेश के आलोक में पूर्व में पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय के लिए अन्य पदों के साथ निम्न पदों के लिए पूर्व में दो बार विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। किन्तु आवेदन प्राप्त नहीं होने अथवा साक्षात्कार में अभ्यर्थी के शामिल नहीं होने के कारण पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय के विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन पुर्नप्रकाशित किए जाते हैं।

| क्र0 | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता | वांछित अर्हता | कोटि | उम्र | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Cook | A person with personal literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances | UR-01 | Upto 55 Years | 9,930/- |
| 2. | Helper cum Night Watchman | A person with personal literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances | UR-01 | Upto 55 Years | 7,944/- |
| 3. | Sweeper | A person with personal literacy | Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances | UR-01 | Upto 55 Years | 7,944/- |

1. नियोजन अवधिः–मानदेय आधारित उपरोक्त सभी पद संविदा आधारित अस्थायी पद होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोशजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
2. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. चयन प्रक्रिया–पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित अनुभव रहने वाले योग्य उम्मीदवार को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु संबधित सूचना आवेदक के मोबाईल/ई–मेल पर दी जाएगी। साक्षात्कार/काउन्सलिंग में भाग लेने वाले किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी तरह का भत्ता देय नहीं होगा।
4. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित हुए कर्मियों द्वारा सरकारी सेवा के नियमतीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
5. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बेगूसराय के पास सुरक्षित होगा।
6. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 01 माह (30 दिन) के अंदर कार्यालय के ईमेल आई.डी–dcpubeg@gmail.com पर या सीधे कार्यालय में हाथो–हाथ आवेदन पत्र सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, अशोक नगर पोखड़िया, वार्ड नं0–36 (कृश्णामूर्ति पब्लिक स्कूल के नजदीक), बेगूसराय, बिहार, पिन–851101 के पते पर जमा कर सकते हैं।
7. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगा।
8. अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
9. साक्षात्कार में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों का मेधा सूची तैयार करते हुए पैनल निर्माण किया जायेगा। साक्षात्कार की तिथि 06.09.2025 (शनिवार) को निर्धारित है।
10. साक्षात्कार कुल 100 अंकों का होगा जिसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए 10 अंक, कार्यानुभव के लिए 15 अंक तथा साक्षात्कार के लिए 75 अंकों का होगा।
11. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
12. आयु की गणना 01.01.2025 से की जाएगी।
13. नियोजन के समय उपलब्ध करायी गई सूचनाओं के गलत पाये जाने की स्थिति में नियोजन समाप्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**सहायक निदेशक**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**बेगूसराय।**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 010359 (B & C) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**